# KENDRIYA VIDYALAYA SHIVGARH




## BADHTE KADAM

## E - MAGAZINE

## PLANTATION DRIVE

# प्राचार्य की कलम से.........

## "गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए सतत विकास आवश्यक है "

प्राकृतिक पर्यावरण जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है इसके बिना इस पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है । इसलिए प्राकृतिक पर्यावरण को बचाने का दायित्व हम सब का है । आज पर्यावरण को बचाने के लिए सभी सरकारें , स्वयं सेवी संस्थायें तथा प्रत्येक व्यक्ति सभी संभव प्रयास कर रहे हैं। प्राकृतिक पर्यावरण को बचाने एवं इसके सतत विकास के लिए पौधारोपण आवश्यक है । पेड़ वायु प्रदूषण में सुधार, स्वास्थ और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ साथ सामाजिक संबंधों और समुदायो को भी बढ़ावा देते हैं । केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ भी पर्यावरण के सतत विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है । विद्यालय का प्रत्येक छात्र पूरी तत्परता से प्राकृतिक पर्यावरण के सतत विकास के लिए पौधारोपण करता है तथा विभिन्न जागरूकता अभियानों में भाग लेता है ।

केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ ने विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया । इस अवसर पर विद्यालय के बहुत से छात्र –छात्राओं ने अपने-अपने घरो पर तथा आस पास पौधारोपण किया । इसी क्रम में पौधारोपण अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में दिनांक 08/07/22 को लगभग 600 पौधे लगाये गए । छात्र – छात्राओं ने वृक्षारोपण के साथ ही इन पौधों की देख भाल करने का भी संकल्प लिया ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस विद्यालय के प्रतिभावान एवं नवोन्मेषी छात्र – छात्राओं के प्रयास प्राकृतिक पर्यावरण के सतत विकास में अपना योगदान अवश्य देगें ।

शुभकामनाओं सहित

प्राचार्य




Students of class 5 (Riddhima, Devansh, Kritika, Vaibhav, Virat, Shruti, Anant and many more) planted saplings in the vidyalaya campus.



Students of class 3 (Abdul, Vansh, Vaish, Atharva, Om, Arpita, Sanskriti, Ritik and many more) planted saplings in the vidyalaya campus.








RESPECTED PRINCIPAL SIR PLANTING A SAPLING.

**"HE WHO PLANTS A TREE, PLANTS A HOPE."**





**“EACH ONE, PLANT ONE.”**

**Plantation by the students of class 3A.**



"PLANT A TREE AND PLANT HOPE FOR FUTURE."

**Plantation by the students of class 3B.**



MANY STUDENTS OF DIFFERENT CLASSES ACTIVELY PARTICIPATED IN THE PLANTATION DRIVE.



***"Plant a tree, so that the next generation can get air for free."***

**More trees would mean that fewer people would have to spend money on oxygen.**

# STUDENTS OF CLASS 1 , THE NEWEST MEMBER OF THE VIDYALAYA ACTIVELY PLANTED SAPLINGS UNDER THE CARE OF


# MISS NEHA NIRMAL MA'AM



**"TREES ARE THE POEMS THAT THE EARTH WRITES UPON THE SKY"**

**The world environment day is celebrated every year on 5th June to raise global awareness to take positive environmental action to protect nature and the planet earth. Keeping this aim in view, Kendriya Vidyalaya Shivgarh celebrated World Environment Day on 5th of June 2022.Students of vidyalaya participated and celebrated world environmental day enthusiastically. They were asked to plant a saplings to create a green corner. A lot of enthusiasm was seen in the students. The event was conducted successfully with whole hearted participation and awareness about plants.**























# PRIMARY TEACHERS PLANTED SAPLINGS IN CAMPUS.

"कड़ी धूप जलते पाँव , होते पेड़ तो मिलती छाँव"




MR. RAJIV TIWARI SIR, MR. SHAILESH SRIVASTAVA SIR AND MR. K.K YADAV SIR PLANTED SAPLINGS IN CAMPUS.

**"DON'T MAKE TREES RARE, KEEP THEM WITH CARE."**

## STUDENTS MADE POSTERS,PAINTING AND SLOGANS ON "TREE PLANTATION" UNDER CCA PROGRAMME.




"Save the Trees, Save the Earth.

We are the Guardians of Nature's Birth."

# LOCAL PRINT MEDIA APPLAUDED THE TREE PLANTATION DRIVE AND AWARENESS PROGRAMME ORGANISED BY THE VIDYALAYA UNDER THE SUPERVISION OF PRINCIPAL SIR MR. MANOJ KUMAR.



## केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में किया गया वृक्षारोपण

भाग्योदय संदेश
अमित श्रीवास्तव
शिवगढ़ (रायबरेली)। केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में शुक्रवार को वन महोत्सव के अंतर्गत विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार द्वारा वृक्ष लगाकर किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय में लगभग 600 पौधों को रोपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने पर्यावरण को बचाये रखने के लिए वृक्ष रोपण के महत्त्व व लाभ पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर राजीव तिवारी, डॉ कमलाकांत, महेश शुक्ल, शैलेश श्रीवास्तव, ऋषि कुमार, आकाश श्रीवास्तव, कीर्ति साहू आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय के प्राचार्य की अगुवाई में शि... बच्चों ने 600 पौधों को रोपित किया

कनौजिया

## 600 पौधे लगा वन महोत्सव अभियान को दी गति

शिवगढ़। केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में वृहद पौधरोपण किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार द्वारा पौधा लगाकर किया गया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में 600 पौधों को लगाया गया है।

## वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विद्यालय में किया गया पौधरोपण

- एक वृक्ष दस पुत्र समान : प्राचार्य मनोज कुमार

शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज
सौरभ पटेल

वन महोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य की अगुवाई में शिक्षकों व बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। गौरतलब हो कि शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार की अगुवाई में विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर में लगभग 600 पौधों का पौधरोपण किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने पर्यावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुकी है यदि इससे हमें निजात पाना है तो हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने होंगे जिससे कि हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती रहे वहीं उन्होंने बताया कि एक वृक्ष 10 पुत्रों के समान हैं जिस प्रकार हम अपने बच्चे का पालन पोषण अच्छे ढंग से करते हैं यदि उसी प्रकार हम अपने द्वारा रोपित किए गए पौधे कि देखभाल करें तो यह भी हमारे आने वाले जीवन में एक पुत्र कि भांति ही उपयोगी साबित होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का आभूषण है।वृक्षों से ही धरा की सुंदरता बनी हुई है।इसी से ही मानव जीवन की सुंदरता है। क्योंकि वृक्ष हमें जीवनदायनी शुद्ध ऑक्सीजन के साथ फल और लकड़ी प्रदान करते हैं। पेड़ पर्यावरण के रक्षक हैं इनकी उपस्थिति पृथ्वी पर मानव जीवन के हित में है। इनकी गैर मौजूदगी से पर्यावरण असंतुलित होकर जीवन को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जिससे हमारा पर्यावरण संतुलन बना रहे।

## केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में किया गया वृक्षारोपण

अमित श्रीवास्तव

शिवगढ़-रायबरेली, जुलाई। केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में शुक्रवार को वन महोत्सव के अंतर्गत विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार द्वारा वृक्ष लगाकर किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय में लगभग 600 पौधों को रोपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने पर्यावरण को बचाये रखने के लिए वृक्ष रोपण के महत्व व लाभ ...

समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र देकर बताया था कि ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 700 राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है। संयुक्त टीम भेजकर गाटा संख्या 700 की 1 घंटे के अन्दर पैमाइस कराकर जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया।

## केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य की अगुवाई में लगे 600 पौधे

शिवगढ़ (रायबरेली)। शिवगढ़ क्षेत्र के केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ प्रांगण में विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार की अगुवाई में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत 600 पौधे लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के प्रति संदेश दिया। इस मौके पर प्राचार्य मनोज कुमार ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। जिससे प्रेरित होकर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में रोपे गए पौधों को गोद लेकर उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया। प्राचार्य ने कहा कि जिस प्रकार से हम लोगों के पूर्वजों ने पेड़ पौधे लगाकर समाज को प्राण वायु, शीतल छाया, फल, फूलों की सौगात दी है उसी प्रकार हम सबको मिलकर आगे आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करना होगा। इस मौके पर उपस्थित दर्जनों छात्र-छात्राओं ने अपने जन्मदिन पर हर साल पांच पेड़ लगाने का संकल्प लिया। शिक्षक राजीव तिवारी, डॉ. कमलाकांत, महेश शुक्ला, शैलेश श्रीवास्तव, ऋषि कुमार, आकाश ...

# THANK YOU